CLASS NOTES-ANSWERS

अभ्यास

कविता ज्ञान

1) नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दो।

मौखिक

(क)इस संसार की सबसे बड़ी संपदा क्या है?

उत्तर: इस संसार की सबसे बड़ी संपदा स्वास्थ्य है।

(ख)कठोर श्रम के लिए क्या ज़रुरी है?

उत्तर: कठोर श्रम केलिए उत्तम स्वास्थ्य जरूरी है।

लिखित

(क)मनुष्य के स्वास्थ्य केलिए क्या-क्या आवश्यक ?

उत्तर: मनुष्य के स्वास्थ्य केलिए व्यायाम,पोष्टिक भोजन और शरीर की साफ-सफाई आवश्यक है।

(ख)रोगी होने पर व्यक्ति किन-किन चीजों से वंचित हो जाता हैं ?

उत्तर: रोगी होने पर व्यक्ति जीवन की सुविधाओं और छप्पन भागों से वंचित हो जाता हैं ।

(ग)स्वस्थ शरीर के क्या क्या लाभ हैं ?

उत्तर: स्वस्थ शरीर होने पर व्यक्ति कठोरश्रम कर सकता हैं ।साथ ही जीवन के सारे सुखों का उपभोग कर सकता हैं ।

1) कविता की पंक्तियों को पूरा करो ।

रोगी कभी संपदा का उपभोग नहीं कर पाते हैं ,

THE GARDEN SCHOOL Anakkal P.O. Kanjirappally 508

छप्पन भोग सुलभ हों लेकिन, क्या रोगी खा पाते हैं ?

नरक समान जिंदगी नाहक, रहती हैं बीमारी की,

स्वस्थ रखो अपने शरीर को,युक्ति यही है सार की ।

भाषा ज्ञान

1) पढो और समझो।

नीचे दिए विशेष्य शब्दों के लिए उचित विशेषण चुनकर लिखो ।

विशेषण	**विशेष्य**
स्वस्थ	तन
पौष्टिक	भोजन
कठोर	श्रम
सुंदर	सृष्टि
उत्तम	स्वास्थ्य
बीमार	व्यक्ति

THE GARDEN SCHOOL
Anakkal P.O. Kanjirappally 686 508

2) नीचे दिए शब्दों के विलोम शब्द लिखो।

कठोर × मुलायम	सुलभ × दुर्लभ	सुन्दरता × कुरूप
स्वस्थ × अस्वस्थ	सफाई × गंदगी	आवश्यक ×अनावश्यक
नरक × स्वर्ग	अपना × पराया	

3) नीचे दिए शब्दों के शुद्ध रूप लिखो।

उत्तर :

पौष्टिक	सृष्टि	युक्ति
व्यर्थ	उपभोग	स्वस्थ

अनुच्छेद लिखिए

'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।' इस विषय पर छोटा सा एक अनुच्छेद लिखो।

उत्तर: स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। जिस व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा होता है उस व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति भी अच्छी होती है। वह अच्छे ढंग से कार्य कर पाता है। स्वस्थ व्यक्ति हमेशा खुश रहता है। वह किसी कार्य पर निर्भर नहीं होता और अपना कार्य स्वयं करता है। वह मानसिक रूप से मजबूत होता है। इसलिए हमें सबसे पहले स्वास्थ्य को स्वस्थ रखना चाहिए। जब हमारा शरीर स्वस्थ होगा तभी हम सब कुछ प्राप्त कर पाएँगे ।

THE GARDEN SCHOOL
Anakkal P.O. Kanjirappally 686 508